पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-13 शुक्रवार, दिनांक-11 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 17 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 845 एवं 847 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 839 ग्रामीण विकास विभाग को स्थानांतरित किया गया ।
(v) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट
(vi) 109 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री जवाहर प्रसाद
(ii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(iii) श्री विजय कुमार सिन्हा
(iv) श्री दिनेश कुमार सिंह
(v) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(vi) श्री राजकुमार राय
(vii) श्री राजेश्वर राज
(viii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(ix) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(x) श्री सम्राट चौधरी
(xi) श्री प्रदीप कुमार
(xii) श्री जितेन्द्र कुमार राय
(xiii) श्री विनय कुमार सिंह

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार राय एवं अन्य सभासदों की स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 07, 08 एवं 09 मार्च 2011 से स्थगित यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।
(ii) माननीय सदस्य श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों की स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 09 मार्च 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों की पर्यटन विभाग / कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों की स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(4) <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री द्वारा बिहार सरकार के वित्त लेखे भाग-1 2009-210; वित्त लेखे भाग-2 2009-10 एवं विनियोग लेखे 2009-10 जिसे भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक ने महामहिम राज्यपाल के पास भेजा था की एक-एक प्रति सभा मेज पर रखा गया तथा प्रस्ताव किया गया कि यह जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो, जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री द्वारा वर्ष 2011-12 के परिणाम बजट की प्रति सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री द्वारा वर्ष 2011-12 के जेन्डर बजट की प्रति सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा द्वारा चतुर्दश बिहार विधान सभा के विशेषाधिकार समिति का द्वितीय एवं चतुर्थ प्रतिवेदन की प्रति को बारी-बारी से सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 5.03 बजे अप० तक

(5) <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:-</u>

<u>लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग</u> :-

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री चन्द्रमोहन राय द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की मांग पर राज्य सरकार की लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण नीति पर-विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री सतीश कुमार (ii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(iii) श्री ललन राम (iv) श्री संजय सिंह टाइगर

(v) श्री भाई वीरेन्द्र (vi) श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(vii) डॉ० अच्युतानन्द (viii) श्रीमती नीता चौधरी

(ix) श्री राम लषण राम रमण (x) श्री राजेश्वर राज

(xi) श्री प्रदीप कुमार (xii) श्री शालीग्राम यादव

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहाण किया)

(xiii) श्री मो० अफाक आलम

माननीय प्रभारी मंत्री लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(6) <u>निवेदन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 27 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 14 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-11.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।